मोरी मैया तो जलवे दिखात है

ओ मोरी मैया तो॥
ओ मोरी मैया तो जलवे दिखात है
के भक्त तेरे दर पे आत है॥

तेरे दर पे जो भी आए, खाली हाथ न तू लौटाए॥
मुंह माँगा वर पाकर तुझसे, जीवन सबका सुखी हो जाए ॥
ओ महामाया तेरी..
महामाया तेरी बड़ी करामात है
के भक्त तेरे दर पे आत है
ओ मोरी मैया तो जलवे दिखात है
के भक्त तेरे दर पे आत है .

शेरावाली मेहरावाली, मैया मेरी लाटावाली॥
वैष्णो रानी जग कल्याणी, मैया मेरी ज्योतावाली॥
ओ तेरे नाम का ....
तेरे नाम का गुणगान सभी गात है
के भक्त तेरे दर पे आत है
ओ मोरी मैया तो जलवे दिखात है
के भक्त तेरे दर पे आत है .

भक्तो को तुम देती शक्ति ,भयबंदन से देती मुक्ति ॥
दुष्टों का संहार तुम करती ,भक्तों को आँचल में भरती॥
ओ मैया तू ही....
मैया तू ही जीवन का आधार है
के भक्त तेरे दर पे आत है
ओ मोरी मैया तो जलवे दिखात है
के भक्त तेरे दर पे आत है .

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1902/title/mori-maiya-to-jalwe-dikhaat-hai--ke-bhagat-tere-dar-par-aa-gye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |